हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 अगस्त 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बल मुख्यालय की सेवाओं को राष्ट्र की निर्णायक शक्तियों में से एक बताया।
- हरियाणा सरकार ने रेवाड़ी जिले में स्थित तीन रेलवे लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर एकीकृत रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को मंजूरी प्रदान की।
- भारत ने डिजिटल अंगदान पोर्टल शुरू होने के तीन वर्षों के भीतर आधार सत्यापित अंगदान प्रतिज्ञाओं का पांच लाख से अधिक का आंकड़ा पार किया।
- लोकसभा ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए संशोधन विधेयक पारित किया।
- हरियाणा सरकार ने नूंह जिले के गांव दादू में नया राजकीय कॉलेज स्थापित करने को प्रशासनिक मंजूरी दी।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सशस्त्र बल मुख्यालय की सेवाएं रक्षा मंत्रालय की संस्थागत धरोहर हैं। वे आज नई दिल्ली में सशस्त्र बल मुख्यालय असैन्य सेवा दिवस के अवसर पर संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी संस्था है, जो रक्षा मंत्रालय को निरंतरता, विशेषज्ञता और नीतिगत स्थिरता प्रदान करती है।

श्री सिंह ने सशस्त्र बल मुख्यालय की सेवाओं को राष्ट्र की निर्णायक शक्तियों में से एक बताया।

किसी भी सेना को शक्ति केवल हथियारों और गोले बारूदों से ही नहीं मिलती है, बल्कि उन हजारों ऐसे अदृश्य लोगों के द्वारा भी मिलती है जो हमेशा उसके पीछे, उसके सपोर्ट में सदैव

पूरी लगन के साथ खड़े रहते हैं। आर्म्ड फोर्सज हेडक्वार्टर सिविलियन सर्विसेज उन्हीं अदृश्य लेकिन निर्णायक शक्तियों से एक है।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में आयोजित बैठक में रेवाड़ी जिले में स्थित तीन व्यस्त रेलवे लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर एकीकृत रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई। हरियाणा राज्य सड़क एंव पुल विकास निगम – HSRDC द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इस परियोजना पर अनुमानित 207 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत आएगी।

परियोजना के अंतर्गत दो एवं चार मार्गीय रेलवे ओवरब्रिज के साथ आवश्यक स्थानों पर पुल के नीचे सड़क, सर्विस रोड तथा अन्य आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत शहर में लंबे समय से रेलवे फाटकों के कारण लगने वाले जाम की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित होगा तथा यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित और निर्बाध बनेगा। इससे दुर्घटनाओं की संभावना में भी उल्लेखनीय कमी आएगी और सड़क सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी।

**********

भारत ने वर्ष 2023 में डिजिटल अंगदान पोर्टल के शुभारंभ के बाद से तीन वर्षों के भीतर आधार सत्यापित अंगदान प्रतिज्ञाओं का पांच लाख से अधिक का आंकड़ा पार कर लिया है। नई दिल्ली में आयोजित 16वें भारतीय अंगदान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत में अंग प्रत्यारोपण की संख्या प्रतिवर्ष 20 हजार से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से अंगदान को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवन जीने और समाज में अंगदान के प्रयासों को बढ़ाने की अपील की।

आप एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाएं। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे और भोजन आहार ऐसा लें जो आपके शरीर को बीमारियों से मुक्त रखें और उसके बाद भी यदि ऐसी परिस्थितियां विकसित होती है किसी भी व्यक्ति के जीवन में कि उसे अंगों की आवश्यकता पड़े, तो समाज के बीच में से हमको इन प्रयासों को बढ़ाना होगा।

इस अवसर पर उन्होंने एक साल तक चलने वाले जुग जुग जियो अभियान का शुभारंभ भी किया।

**********

लोकसभा ने सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करना है। इस वर्ष मई में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया था।

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए और न्यायिक प्रणाली को अधिक कुशल और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह विधेयक पारित किया गया है।

श्री मेघवाल ने कहा कि यह कदम न्यायिक क्षमता को और मजबूत करेगा, मामलों के प्रभावी निपटान में तेजी लाएगा।

**********

हरियाणा सरकार ने नूंह जिले के गांव दादू में नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज स्थापित करने को प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस नए सरकारी संस्थान के लिए 60 सीटें स्वीकृत की गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस परियोजना को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस कालेज से मेवात और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अपने ही इलाके में उच्च स्तरीय नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा प्राप्त होगी।

**********

केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। mygov.in के माध्यम से आयोजित यह राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता 15 सितंबर तक चलेगी।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल एक ऑनलाइन क्विज नहीं, बल्कि देश के इतिहास के महत्वपूर्ण अध्याय को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास है। इस राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में युवाओं, स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों तथा आम नागरिक भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं में इतिहास के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत करेगी।

**********

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती उषा प्रियदर्शिनी ने आज बादशाह खान नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर महिला मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। अस्पताल में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं और शिकायतों के मद्देनजर उन्होंने विभिन्न वार्डों, ओपीडी तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला मरीजों की सुविधाओं, स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति, प्रतीक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की समीक्षा की गई। श्रीमती उषा प्रियदर्शिनी ने अस्पताल प्रबंधन को महिला मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने और सभी व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**********

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा स्थित विश्राम गृह में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मीडिया से बातचीत में हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि वे नियमित रूप से जनसुनवाई करते हैं, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके और प्रशासन भी आमजन के प्रति जवाबदेह बना रहे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों को

प्राथमिकता से समयबद्ध ढंग से निपटाने और संवेदनशीलता से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

राष्ट्र मण्डल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा 13 में से सात स्वर्ण पदक जीतने पर विधानसभा अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सरकार की खेलों के प्रति सकारात्मक नीतियों का परिणाम है।

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर कावड़ियों की संभावित बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे पुलिस बल और सामान्य रेलवे पुलिस जी.आर.पी ने सुरक्षा बढ़ा दी है। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षाकर्मी हर आने जाने वाले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। साथ ही कोई और असामाजिक तत्व कावड़ियों के रूप में शामिल न हो इसको लेकर भी स्टेशन पर बैठे लोगों की जांच की जा रही है।

**********

हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 एवं नियम, 2025 के तहत विभिन्न संगठनों को सेवा सुरक्षा पोर्टल के दायरे में शामिल करने के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। साथ ही, विभिन्न श्रेणियों के अनुबंध कर्मचारियों के लिए सेवा सुरक्षा वेब पोर्टल पर पंजीकरण एवं सत्यापन की समय-सीमा भी बढ़ाई गई है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार पात्र कर्मचारी 7 अगस्त तक पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर सकेंगे।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेशनुसार वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव समिति के अध्यक्ष और संबंधित संगठन के प्रशासनिक सचिव तथा मानव संसाधन विभाग के विशेष सचिव सदस्य होंगे। इसके अलावा, हरियाणा के महाधिवक्ता के प्रतिनिधि को विधिक सलाहकार के रूप में शामिल किया गया है, जो अतिरिक्त महाधिवक्ता से कम रैंक का नहीं होगा।

यह समिति अधिनियम में परिभाषित प्राधिकरण की श्रेणी में आने वाली संस्थाओं के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों की जांच कर पात्र संस्थाओं की प्रमाणित सूची तैयार करेगी। इसके अलावा, विभिन्न संगठनों द्वारा उनके संबंधित प्रशासनिक सचिवों के माध्यम से एजेंडा नोट

सहित भेजे जाने वाले प्रस्तावों का परीक्षण करेगी। समिति हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 की धारा 2(एफ) में वर्णित प्राधिकरण की परिभाषा के अनुसार, संस्थाओं को शामिल करने के लिए विशिष्ट एवं वस्तुनिष्ठ मानदंड भी निर्धारित करेगी।

**********